# बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग,

**संतोष मैन्शन, बी0–ब्लॉक, आर0पी0एस0 विधि महाविद्यालय के निकट,**

**रघुनाथ पथ, दानापुर, पटना–801503**

**(वेबसाइट– www.bpssc.bih.nic.in )**

**बिहार पुलिस बल में वर्ष 2017 में पुलिस अवर निरीक्षक (Police Sub Inspector) के रिक्त पदों पर नियुक्ति के सम्बन्ध में आवश्यक सूचना ।**

संदर्भः **विज्ञापन संख्या–01/2017**

**बिहार पुलिस, गृह विभाग, बिहार सरकार में पुलिस अवर निरीक्षक (Police Sub Inspector) के पद (वेतनमान 9300–34800+ग्रेड पे 4200) की रिक्तियों की संख्या–1717 (एक हजार सात सौ सत्रह) है ।**

इन पदों पर नियुक्ति हेतु विज्ञापन संख्या–01/2017 राज्य के प्रमुख समाचार पत्रों में दिनांक–16.09.2017 को जारी किया जा चुका है । उक्त पदों पर ऑनलाइन आवेदन–पत्र भरने की प्रक्रिया दिनांक–24.10.2017 (मंगलवार) से प्रारंभ की गयी थी । ऑनलाइन आवेदन–पत्र भरने की अन्तिम तिथि 30.11.2017 (वृहस्पतिवार) निर्धारित थी जो समाप्त हो चुकी है ।

पुलिस अवर निरीक्षक हेतु अधिसूचित 1717 पदों में बिहार सरकार, सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र संख्या–2526, दिनांक–18.02.2016 के आलोक में राज्य सरकार के **स्वतंत्रता सेनानियों के पोता/पोती/नाती/नतिनी** को 2 (दो) प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण की व्यवस्था की गयी है अर्थात कुल 34 (चौंतीस) पद आरक्षित हैं ।

दिनांक–24.10.2017 से दिनांक–30.11.2017 तक भरे गए ऑनलाइन आवेदन–पत्रों में इस सूचना को नहीं प्राप्त किया जा सका था कि कौन अभ्यर्थी राज्य सरकार के **स्वतंत्रता सेनानियों के पोता/पोती/नाती/नतिनी** की श्रेणी के अन्तर्गत आते हैं । सम्बन्धित श्रेणी के अभ्यर्थियों से उक्त सूचना को अब ऑनलाइन प्राप्त किया जाएगा ।

इसके लिए सम्बन्धित श्रेणी के अभ्यर्थी (जिन्होंने आवेदन–पत्र भरा है) बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग की वेबसाइट www.bpssc.bih.nic.in पर जाकर दिये गए आवेदन–पत्र संबंधी लिंक (link) पर क्लिक करने के पश्चात अपने **स्वतंत्रता सेनानियों के पोता/पोती/नाती/नतिनी** की श्रेणी में होने सम्बन्धी सूचना को भर सकते हैं । उक्त सूचना **दिनांक–08.12.2017 से दिनांक–14.12.2017** तक भरी जा सकती है ।

बिहार सरकार, गृह विभाग (आरक्षी शाखा) से पत्र संख्या–8/विविध–10–90/2017 गृ0आ0 9327 दिनांक–28.11.2017 प्राप्त हुआ है

जिसमें विज्ञापन संख्या–01/2017 में **भूतपूर्व सैनिकों** को अधिकतम आयु सीमा में छूट प्रदान करने के सम्बन्ध में निर्देश दिया गया है जो निम्नांकित हैः

"उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार के अधीन राजपत्रित पदों / अराजपत्रित पदों पर नियुक्ति हेतु भूतपूर्व सैनिकों को दी जाने वाली उम्र सीमा में रियायत के सम्बन्ध में पूर्व में निर्गत नियुक्ति विभाग के परिपत्र सं0–912, दिनांक–20.01.1969 की कंडिका–(ii) में यह प्रावधान किया गया है कि "The ex-serviceman will get age concession of three years in addition to the period of service rendered by them in Defence Services."

पुनः सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र सं0–5374, दिनांक–02.04.2013 के द्वारा उक्त परिपत्र सं0–912, दिनांक–20.01.1969 की कंडिका–(ii) को निम्न प्रकार से संशोधित किया गया हैः

**"असैनिक पदों पर नियुक्ति हेतु भूतपूर्व सैनिकों को उम्र सीमा में 03 वर्ष तथा प्रतिरक्षा सेवा में बिताई गई सेवा अवधि के योग के समतुल्य रियायत दी जाएगी बशर्ते कि उनकी वास्तविक उम्र आवेदन देने की तिथि को 57 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए ।"**

राज्य सरकार के उपरोक्त निर्देश के आलोक में भूतपूर्व सैनिकों को आयोग के विज्ञापन संख्या–01/2017 में अधिकतम आयु सीमा में देय छूट प्रदान की जाएगी । इसके लिए भूतपूर्व सैनिक की श्रेणी के अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन–पत्र भरना होगा ।

ऑनलाइन आवेदन–पत्र भरने के लिए ऐसे भूतपूर्व सैनिक बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग की वेबसाइट www.bpssc.bih.nic.in पर जाकर दिये गए आवेदन–पत्र संबंधी लिंक (link) पर क्लिक करने के पश्चात आवेदन–पत्र भर सकते हैं । आवेदन–पत्र भरने के सम्बन्ध में वेबसाइट पर निर्देश दिये गए हैं । अधिकतम आयु सीमा में छूट एवं शैक्षणिक योग्यता की Cut Off तिथि पूर्व की भांति 01.01.2017 होगी । **आवेदन–पत्र दिनांक–08.12.2017 से दिनांक–14.12.2017** तक भरे जा सकते हैं ।

ऐसे भूतपूर्व सैनिक जो पूर्व में ही आवेदन–पत्र भर चुके हैं उनसे भी इस सूचना को ऑनलाइन प्राप्त करने की व्यवस्था की गयी है । वे तदनुसार उपरोक्त वेबसाइट पर जाकर आवेदन–पत्र संबंधी लिंक (link) पर क्लिक करने के पश्चात अपने भूतपूर्व सैनिक होने सम्बन्धी सूचना भर सकते हैं । उक्त सूचना **दिनांक–08.12.2017 से दिनांक–14.12.2017** तक भरी जा सकती है ।

**सचिव,**

बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग,

बिहार, पटना ।